## खबर संक्षेप

### बीजोउत्सव कार्यक्रम में बानाबाकोड़ा में निकली पालकी यात्रा

**सौंसर।** ग्राम पंचायत बानाबाकोड़ा में श्री संत तुकाराम महाराज बिजोउत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 10 मार्च से शुरू हुए आयोजन के दौरान प्रतिदिन ग्राम में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं।जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के अलावा अन्य ग्रामों से भी भक्तगणों के द्वारा जाकर आयोजन का पुण्य लाभ ले रहे है। रविवार को आयोजन के दौरान नगर में विशाल पालकी यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह काकडा, भजन, विष्णु सहस्त्रनाम, ज्ञानेश्वरी पारायण, हरिपाठ एवं रात्रि के समय में हरि कीर्तन का आयोजन हो रहा है। बीजोउत्सव में संपन्न में हो रहेधार्मिक कार्यक्रमों में हभप चिंतामण महाराज गुरुदेव,हभप मुकुंद महाराज धोटे, हभप हरिओम महाराज निंबोरकर, हभप रत्नाकर महाराज खाड़े, आशीष महाराज चटक,हभप संजय महाराज ठाकरे के द्वारा भगवान की विभिन्न लिलाओ पर प्रवचन दिया जा रहा है। रविवार को ग्राम में बिजोउत्सव कीर्तन व पालखी निकालकर नगर भ्रमण किया गया इस दौरान पालकी यात्रा का ग्राम वासियों ने जगह-जगह पर रंगोली डालकर एवं फूलों का वर्षाव कर स्वागत सत्कार किया। पालकी यात्रा पश्चात हभप संजय महाराज ठाकरे के द्वारा बिजोउत्सव पर कीर्तन किया गया। कार्यक्रम आयोजक श्री संत तुकाराम महाराज बिजोउत्सव मंडल से मिली जानकारी के सोमवार 17 मार्च को हभप महादेवराव महाराज माहूरे के कीर्तन के साथ ही महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### पार्लियामेंट के सेशन में भाग लेने के लिए दिल्ली दौरे पर रहेंगे सांसद

**छिंदवाड़ा।** संसद का पार्लियामेंट सेशन दिल्ली में चल रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू 16 से 19 मार्च तक दिल्ली दौरे पर रहेंगे। सांसद श्री साहू पिछले दिनों भी संसद के पार्लियामेंट सेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली गये हुये थे। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू जब से सांसद बने है तब से ही वे लगातार पार्लियामेंट के सेशनों में शामिल हो रहे है। पिछले दिनों उनके द्वारा पार्लियामेंट में कुछ मुद्दों को लेकर अपनी बात भी रखी गई थी।

### गैलडुब्बा की महिला हितग्राही के साथ रेत के नाम ठगी का मामला आ चुका सामने, आदिवासियों के साथ खुलेआम लूट

# निर्माण सामग्री के नाम पर ठगे जा रहे रातेड़ जनमन आवास के हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत तामिया जनपद की ग्राम पंचायतों में विशेष पिछड़ी भारिया जनजाति के लिए पक्के मकान की योजना भ्रष्टाचारी एवं दलालों के लिए अवैध कमाई का जरिया निर्माण सामग्री सप्लाई के नाम पर बन बैठी है। जनपद मैं बैठे लोग आवास की सूची लेकर दलालों को सौप देते हैं और यहीं से शुरू होता है। हितग्राहियों से आवैध लूटपाट का सिलसिला, जिसमें वे ईट गिट्टी सीमेंट लोहा जो आवास में लगना है। उसके लिए हितग्राही को सस्ती सामग्री पहुंचाने का लालच देकर उन हितग्राहियों के पास सीधे पहुंचते हैं जिनके खाते में पहली किस्त डाल दी गई है। हितग्राही निर्माण सामग्री के लालच में आकर उनके कहे अनुसार अंगूठा लगाकर भुगतान कर देता है और यह दलाल नगद लेकर चंपत हो जाते हैं। हितग्राही उनको दिए गए राशि के बदले में निर्माण सामग्री की वाट जोहता रहता है और



उसकी प्रगति शुरू नहीं हो पाती ऐसा ही पातालकोट की ग्राम पंचायत कारेआम रातेड. के ग्रामों में हितग्राहियों के साथ निर्माण सामग्री नाम पर एडवांस लिए जाने के मामले सामने आने लगे हैं। इसी ग्राम पंचायत के गेल डुब्बा में प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राही गुन्नी बाई के साथ रेत पहुंचने के नाम पर एडवांस लेने का मामला सामने आया है। जब शिकायत की बात आई तो रेत सप्लायर ने आनन फानन में रेत पहुंचने की बात कह कर मामले को दबाने का अधिकारियों के सहयोग से प्रयास कर हितग्राही को शांत करवा दिया गया है, लेकिन इस प्रकरण से बात साफ हो गई है कि प्रधान मंत्री जनमन आवास योजना में निर्माण सामग्री के नाम पर हितग्राहियों के साथ लूटपाट की जा रही है। यदि हितग्राही ने किसके खाते में पैसा डाला वह निर्माण सामग्री विक्रेता है या नहीं किस कियोष्क सेंटर से अंगूठा लगाकर राशि निकाली गई है किसके खाते में पहुंची और जो निर्माण सामग्री दी गई है उसके बिल किस ट्रेडर्स के नाम से हितग्राही के दिए गए हैं। इसके सहित सभी पहलू पर बिंदुवार जांच यदि होती है तो प्रधानमंत्री जन मन आवास में दलालों की भूमिका उजागर होगी और हितग्राही के साथ निर्माण सामग्री के नाम पर कितना फर्जीवाड़ा किया गया है यह उजागर होगा। गेलडब्बा में हितग्राही के साथ निर्माण सामग्री के नाम पर जो मामला सामने आए हैं उसे उजागर करना होगा और इस ग्राम पंचायत में 200 से अधिक जनमन आवास योजना के हितग्राही को उचित दाम पर पूरे दिए गए दाम की सामग्री मिलेगी और प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार मकान बनाने में सहायता मिलेगी।

कारेआम रातेड ग्राम पंचायत में चल रहे जनमनआवास में निर्माण सामग्री के नाम हितग्राही ठगे जाने संबंधी चर्चा के लिए जब वहां के सचिव से संपर्क किया गया तो वो मोबाइल ऑपरेट नहीं कर पाए इसलिए उनका पक्ष इस संबंध नहीं मिल सका।

## चालू वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर जमा न होने पर समाप्त होगी 50 प्रतिशत छूट

### छूट की राशि घटाकर ही वितरित किए गए संपत्ति कर के बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त होने में अब 15 दिन से भी कम समय शेष है। नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के राजस्व अमले द्वारा वसूली की कवायद तेज कर दी गई है। आज से शहर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर वसूली अभियान चलाएंगे। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश अनुसार निकाय के सभी वसूली कर्मचारी अब डोर टू डोर पहुंचेंगे, इसके साथ ही करदाता स्वयं भी निगम के जोन कार्यालयों में जाकर अपने संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा कर सकते है।

शहर के करदाता निगम द्वारा बनाए गए कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, जीएसटी ऑफिस के सामने सेवा सदन, जगन्नाथ स्कूल के पीछे जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय, लोनिया करबल जोन कार्यालय एवं चंदनगांव के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर में अपने बकाया जलकर एवं संपत्ति कर का भुगतान कर सकते है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में जारी आवासीय संपत्ति कर के बिल में वर्ष 2024-25 की राशि 50 प्रतिशत छूट घटाकर लिखी गई है अतएव करदाता को बिल में लिखी राशि ही जमा करना है। इसके साथ ही इस बिल का भुगतान यदि चालू वित्तीय वर्ष में नहीं किया जाता है तो संपत्ति कर की राशि की छूट समाप्त हो होगी अर्थात अगले वर्ष में राशि 100 प्रतिशत हो जाएगी।

विदित हो कि नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों के संपत्ति कर में प्रतिवर्ष 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है एवं संपत्ति कर के बिल का वितरण 50 प्रतिशत घटाकर ही किया गया है परंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 सितंबर 2020 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि भवन स्वामी द्वारा चालू वर्ष के संपत्ति कर भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया तो संपत्ति कर पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट समाप्त हो जायेगी और भवन स्वामी को मूल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही भवन स्वामी पर अधिभार भी अधिरोपित किया जाएगा। इस असुविधा से बचने के लिए भवन स्वामी करदाता को अपने बकाया संपत्ति कर भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में करना होगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली



**जुन्नारदेव।** नगर में शुक्रवार को रंगों के पर्व होली पर जमकर रंग गुलाल उड़े सुबह से ही बच्चे युवा महिला बुजुर्ग सभी होली के रंगों में रंगे हुए नजर आए होली का दहन के पश्चात रात्रि में ही सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी सुबह होते ही हाथों में रंग गुलाल लेकर युवाओं की टोली निकल पड़ी बच्चे भी होली के रंग में सराबोर नजर आए। महिलाओं और बुजुर्गों की टोली भी नगर में जगह-जगह एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई देता नजर आई। देर रात्रि तक नगर सहित ग्रामीण अंचलों में होली की धूम मची रही।

**पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैदः** होली पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी राकेश बघेल के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे सहित समूचा जुन्नारदेव पुलिस बल होली दहन की रात्रि से शुक्रवार देर रात्रि तक शांति व्यवस्था बनाने में जुटा रहा पुलिस प्रशासन की सजगता से होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां पर छुटपुट विवादों को छोड़ दे तो किसी भी प्रकार के बड़े विवाद क्षेत्र में नहीं हुए।

## सांसद ने जिलाध्यक्ष यादव को दी होली की बधाई

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के लालबाग स्थित कार्यालय पहुँचकर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को सनातन परंपरा के महापर्व होली की तिलक लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने भी सांसद श्री साहू को तिलक लगाया। वहीं कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भी सांसद श्री साहू द्वारा तिलक लगाकर होली की शुभकामना दी गई। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि जिले भर में सनातन परंपरा के महापर्व होली को शांति एवं भाईचारा पूर्वक मनाया गया। यह हमारी एकता एवं अखंडता को प्रदर्शित करता है।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, जगेन्द्र अल्डक, अरविंद राजपूत, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, धर्मेन्द्र मिगलानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएसपी संग पुलिस कर्मियों ने मनाई होली

**परासिया :** होलिका दहन और धुरेंडी में मुस्तैद होकर अपनी ड्यूटी निभाने के बाद शनिवार को पुलिस वालों ने होली खेलकर अपनी थकान मिटाई । परासिया थाने में डी एस पी संग पुलिस कर्मियों ने होली मनाई तो चांदामेटा में थाना प्रभारी संग पुलिस कर्मी खूब थिरके । परासिया पुलिस अनुभाग के अंतर्गत चुटपुट विवादों को छोड़ होली पूरे सौहार्द और शांति पूर्ण रही । धुरेंडी के अगले दिन शनिवार को परासिया थाने में एस डी ओ पुलिस जितेन्द्र सिंह जाट और थाना प्रभारी जे मसराम की उपस्थिति में पुलिस कर्मियों ने खूब रंग गुलाल खेला और होली के गानों पर खूब नाचे । नाचने और थिरकने में डी एस पी श्री जाट , थाना प्रभारी श्रीमती मसराम , एस आई नरेंद्र तिवारी , श्री धुर्वे एवं अन्य पुलिस कर्मी भी पीछे नहीं रहे । चांदामेटा थाने में थाना प्रभारी अरूण मर्सकोले एक अलग ही रंग में दिखाई दिए । अपने स्टाफ के साथ उन्होंने खूब डांस किया । पानी और रंग की बौछारें की गई । डीएसपी श्री जाट ने सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की ।



## रानी दुर्गावती की प्रतिमा होगी स्थापित

**पांढुर्ना।** आज स्थानीय विश्रामगृह में बैठक आयोजित कर रानी दुर्गावती उत्सव समिति का गठन किया गया। बैठक में समिति संचालक जवाहर वार्ड पार्षद दुर्गेश उईके और चुन्नीलाल कवडेती प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सर्वसहमति से विनोद ईवनाती को अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पार्षद रामरती इवनाती, अनिता कुमरे, किशन वाडिवा, सचिव मयूर उईके, कोषाध्यक्ष हंसराज कड़वे, सदस्य सुखी राम वरखडे, दिनेश इरपाची, रेवानाथ उईके, बबलू इवनाती, रूपेश कुमरे, लालचंद धुर्वे, गोविंद इरपाची, अनिल उईके, विक्की मर्सकोले, आर्यानंद उईके, वसंता वाडिवा, शालिनी उईके, सुमनबाई परतेती, कमलाबाई धुर्वे, बेबीबाई परतेती, जयश्री इवनाती, शारदा टेकाम तथा दिव्या वरखडे को दायित्व सौंपा गया।समिति के सभी सदस्यों का पीला गमछा पहनाकर सत्कार किया। समिति संचालक पार्षद दुर्गेश उईके ने सभी को एकजुट रहते हुए समाज के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। वहीं शास्त्री वार्ड स्थित जवाहर पार्क में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में रानी दुर्गावती तथा भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।



## कांशीराम की 91 वीं जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 91 जयंती अवसर पर कल 15 मार्च को जिला स्तरीय समारोह पांढुर्ना के साई पैलेस में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानिक वानखेडे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक गजभिए की गई। इस समारोह में जिला महासचिव संजय ढोके, जिला प्रभारी पामिता मोतघरे, मयूर गजभिए, दिनेश शिंदे, विज्ञान जंगम, राजू काले, प्रमोद ढोमणे, डॉक्टर अनिल सहारे, राहुल वाहने, सुरेश सहारे और अन्य मौजूद रहे। कांशीराम की विचारधारा को समझाते हुए मुख्य अतिथि ने बहुजन समाज पार्टी को आगे कैसे बढ़ाया जाए इस पर चिंतन करते हुए पार्टी को आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। इन्होंने कहा कि कांशीराम की जयंती तभी सफल होगी जब हम उनके विचारों की सरकार देश और प्रदेश में बनाएंगे। सभी वक्ताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बीएसपी की विचारधारा को बढ़ाकर पार्टी को आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

## पुतला जलाने से ज्यादा बुझाने पर मामला गर्माया

### उमरेठ थाना प्रभारी को हटाने मंडल अध्यक्ष ने रखी मांग, जूते से आग बुझाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अक्सर पुतला जलाने को लेकर विवाद गर्माने के मामले सामने आते पर , उमरेठ में इससे उलट देखने को मिल रहा है । यहां भाजपाईयों को थाना प्रभारी के द्वारा पुतला पैरों से बुझाना न गंवार गुजर रहा है । जिससे यहां पुतला जलाने से ज्यादा पुतला बुझाने का मामला गरमा गया है । उमरेठ भाजपा मंडल ने तो थाना प्रभारी को हटाने की मांग भी कर डाली ।



दर असल बीते दिनों कांग्रेस ने मध्य प्रदेश शासन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का उनके एक बयान के विरोध में पुतला जलाया था । पुतले को जलने से रोकने के लिए थाना प्रभारी विजय माहोरे और अन्य पुलिस कर्मियों ने पैरों का इस्तेमाल किया था । जिसका विडियो भी वायरल हुआ था । भाजपा के लोगों का कहना है , कि पुतले पर मंत्री का चेहरा लगा हुआ था । जिसे थाना प्रभारी ने पैरों से बुझाया । जिसको लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद कुमरे के नेतृत्व में उमरेठ के भाजपा कार्यकर्ता जिला भाजपा अध्ययन शेषराव यादव से मिले और उन्हें हटाने की मांग रखी।

### कांग्रेस - भाजपा के निशाने पर थाना प्रभारी

बीते दिनों कांग्रेस ने उमरेठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अवैध कारोबार को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था । जिसमें बताया गया था , कि उमरेठ में रेत और मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है , तो वहीं मोरडोंगरी में सट्टा खिलाया जा रहा है । इन अवैध कामों को पुलिस का संरक्षण है । उन्होंने भी थाना प्रभारी की कार्यशैली पर उंगली उठाई थी । अब भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को हटाने की मांग रखी है ।

## कॉलेज प्राचार्य ने हाथों में झाड़ू थाम स्वयंसेवकों के साथ की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का विशेष शिविर 11 मार्च से 17 मार्च तक ग्राम पंचायत चिकन मऊ में संचालित किया जा रहा है शिविर के छठवें दिन रविवार को शासकीय महाविद्यालय जमुना देव के प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आर के चंदेल, डॉ कुंजन सिंह सोनगरा शिविर स्थल ग्राम पंचायत भवन चिकलमऊ पहुंचे। शिविर के संचालक एवं एनएसएस अधिकारी डॉ एसके शेण्डे द्वारा शिविर में संचालित हो रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर टांडेकर द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास करने संबंधी आवाहन किया गया साथ ही शासन प्रशासन की योजना को जन-जन तक राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्रामीण तक पहुंचाने की बात कही गई इसकी अतिरिक्त स्वच्छता अभियान नशा मुक्ति अभियान पॉलिथीन मुक्त ग्राम जैसे आने को विशेष योजना को ग्रामीणों तक पहुंचाने की बात भी कही गई। प्रोफेसर चंदेल द्वारा स्वयंसेवक को द्वारा ग्राम में चलाए गए विभिन्न अभियानों के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की गई। दो सोनगरा द्वारा एनएसएस के माध्यम से ए बी और सी सर्टिफिकेट प्राप्त कर इसका लाभ शासकीय सेवा में लिए जाने की बात से स्वयं शिव को अवगत कराया गया।

### कक्षा-9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, लक्ष्मी वर्मा रही प्रथम

**चौरई।** गत दिवस दोपहर 12 बजे घोषित किया गया विकासखण्ड में एक साथ रिजल्ट घोषित किया गया। सी एम. राइज विद्यालय मे 9वी रिजल्ट 81.21% एवं 11 वी 85.11% रहा साथ पूरे विषय खण्ड की टॉप 10 सूची का प्रकाशन भी किया गया जिसमे 9वी - कु लक्ष्मी वर्मा (गुमगाव) कक्षा 11 वी - संस्कार राय सी.एम राइज चौरई ने 89.4% बनाया। सी.एम. राइज विद्यालय के प्राचार्य रामजी वर्मा शिक्षक संजय शर्मा, आकांक्षा श्रीवास्तव,अरुणा वर्मा, सीमा पन्चेश्वर, मानसी राय, सरिता सरेयाम सभी ने बच्चों को शुभकामनायें दी उज्जवल भविष्य की कामनाये की।



### सांसद ने धनोज कुनबी समाज के लिए की 10 लाख की घोषणा

# मेरा कर्तव्य है कि मैं अब आप लोगों की सेवा करूँ: सांसद बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के इतिहास में पहली बार छिंदवाड़ा का बेटा संसद तक पहुँचा है, यह आप लोगों का सहयोग और आर्शीवाद ही है मैं आज सांसद हूँ, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं आप लोगों की सेवा करूँ। उक्त आशय के उद्गार धनोज कुनबी समाज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सत्कार सामारोह के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।



इस दौरान समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि पहले लोगों को सांसद से बात करने के लिए महीनों का इंतजार एवं घंटो की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। लेकिन अब आपका बेटा चौबीसों घंटे आप लोगों के लिए उपलब्ध है। इस तरह के आयोजन भविष्य में निरंतर होते रहना चाहिए, जिससे हमारी एकता और अखंडता का पता चलता है। इस दौरान समाज के प्रमुखों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू से समाज के भवन एवं अन्य कार्यों के लिए 10 लाख की राशि सांसद निधि देने की मांग की, जिसे सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मंच से घोषणा करते हुए 10 लाख की राशि देने की बात की। जिसके बाद उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने तालियां और सांसद जी की जयघोष करके उनका अभिवादन किया।

### सांसद ने किया समाज दर्शन पत्रिका का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा समाज द्वारा तैयार की गई समाज दर्शन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। उक्त पत्रिका में समाज की उपलब्धियों के साथ ही युवक-युवतियों का परिचय भी दिया गया है। जिसके माध्यम से भविष्य में युवक-युवतियों की शादियां तय हो सकेगी। इस प्रतियोगिता में समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक युवक-युवतियों और अन्य बंधुओं का विवरण भी दिया गया है।

### उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर लगभग 20 विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह वे विद्यार्थी है जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं में उच्च अंक हासिल किए है। सांसद श्री साहू के हाथों से पुरस्कृत होने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

भाजपा के जिला महामंत्री राहुल मोहोड़, लक्ष्मण घोरमारे, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, सभापति जगेन्द्र अल्डक, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, विश्वेन्द्र बैस, सौंसर नगर मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, संजय भाउ देरकर, देवराव भोंगाड़े, सुधाकर अडवाले, डाक्टर अशोकराव ज्यूतोड़े, उपस्थित रहे।

### विधायक ने प्रशासन को प्रभावित किसानों को जल्द सर्वे कराने व मुआवजा दिलाने के दिये निर्देश

# आग से प्रभावित किसानों से मिलने पहुँचे चौरई विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

बीते दिवस चौरई विधानसभा के ग्राम जमुनिया एवं आमाबोह में अज्ञात कारणों से लगी आग से इन दोनों ग्रामों के कई किसानों की करीब 70 से 80 एकड़ की सैकड़ो क्विंटल गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई साथ ही किसानों के सैकड़ों पाइप व अन्य सामान भी इसमें जल गये।किसानों के दर्द को जानने शनिवार को चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह इन दोनों ग्राम जमुनिया व आमाबोह पहुँचे जहाँ उन्होंने गेहूँ के जले खेतों को देखा व पीड़ित किसानों से चर्चा कर उन्हें दिलासा दी।

इस मौके पर उपस्थित चौरई तहसीलदार प्रीति पटेल को प्रभावित किसानों जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने हेतू निर्देशित किया साथ ही फसल कटाई व गर्मी के मौसम में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध टैंकरों को पानी भरकर खड़े रखने की



बात भी तहसीलदार से कही ताकि अचानक आगजनी के समय फायर बिग्रेड के पहुँचने तक पानी के टैंकर ग्रामीण स्तर पर तत्काल आग रोकने में सहायक हो सके। इस मौके पर नायाब तहसीलदार रूबी खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ ठाकुर, नसीम खान, ललित ठाकुर, नेतराम सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, मंसूर भाई सहित बड़ी संख्या में दोनों ग्रामों के प्रभावित किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

## 4 एकड में गेहूं फसल हुई खाक

**पांढुर्ना।** विकासखंड की ग्रामपंचायत चांगोबा में शेंदूरजना में किसान के खेत में धूरेंडी के दिन सुबह अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई। इस अग्निकांड में किसान सलमान गनी के 4 एकड खेत में लगी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। किसान ने बताया कि वे जब अपने खेत पहुंचे तो उन्होंने आग की ज्वालाएं उठती हुई देखी। इनके आवाज लगाने पर आस पास के किसान भी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची लेकिन उसके पूर्व ही आग पर काबू पाया जा चुका था।

# नाना मोहोड़ के प्रयासों से क्षेत्र में होंगे करोड़ों के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड़ के प्रयास से पांढुर्णा जिले की सौसर, पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र की जनता को मिली करोड़ों के विकास कार्यों सौगात मिली है। मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड़ ने प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से भेट कर 7 विकास कार्यों हेतु बजट में आवंटन देने की मांग की थी। जिसे हालही में बजट में स्वीकृति मिली। जिसमें पांढुर्णा पूर्व रेलवे में क्रासिंग पर ओवरब्रिज हेतु 80 करोड़, राजौरा कला से पांढुर्णा सड़क हेतु 3 करोड़, सर्किट हाउस पांढुर्णा हेतु 3 करोड़, सौसर विधानसभा में खैरी से बड़ोसा 3 किमी 3 करोड़ 75 लाख, बिछुआ बगू में पुलिया 1 करोड़ 70 लाख, सावंगा बायपास सड़क हेतु 30 करोड़ 88 लाख, खैरितायगाव पहुंच मार्ग हेतु 1 करोड़ 30 लाख का समावेश है। पूर्व मंत्री नाना मोहोड ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय खोलने हेतु भी मंत्रीद्वय से चर्चा की है। जिस पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के द्वारा जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# आदिवासी समाज के प्रांतीय गोंडवाना महासम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

23 वे साल से निरंतर राजा जाटवा शाह की जन्म स्थली स्थल पर आदिवासी समाज का भव्य एवं विशाल प्रांतीय गोंडवाना महासम्मेलन का आयोजन राजाखो जाटवा ढाना में संपन्य हुआ। इसी तारतम्य में शनिवार को आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सिंगोड़ी से राजा की जन्म स्थली राजाखो जाटवा ढाना तक चल समारोह के रूप में भव्य रैली निकाली गई। जिसमें अखिल गोंडवाना महासभा म.प्र. के तत्वाधान में एवं राजा जाटवाशाह समिति जाटवाढाना राजाखोह के संयुक्त तत्वाधान में ढोल ताशे गुन्नूर शाही ढोल डीजे के साथ घोड़े में सवार रानी दुर्गावाती झांकी, एवं समाज के लोगो द्वारा पारंपरिक भेषभूसा के साथ रैली निकाली गई थी। तत्पश्चात रात्रि में जन्म स्थल पर विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं अपने संबोधन में समिति के वरिष्ठ सीएल ठाकुर, महापौर विक्रम अहाके, सहित अन्य वक्ताओं ने बताया की हमारे मार्कदर्शक स्वर्गीय दादा हीरासिंग मरकाम एवं स्वर्गीय सीताराम मर्सकोले शिक्षक, जिन्होंने आदिवासी एकता की मिशाल 23 वर्ष पूर्व जगाई गई थी वही हमारे महानायको के द्वारा दिया गया वालिदान को याद किया जा रहा है समाज की जागृति वा रीति रिवाज के सुधार को आगे बढ़ाया जा रहा है । इस भव्य विशाल प्रांतीय गोंडवाना महा सम्मेलन कार्यक्रम में देश प्रदेश वा जिले भर से सामाजिक बंधु सामिल हुए । जिसमे मुख्य रूप में नगर निगम महापौर बिक्रम अहके, केवलराम करतेती, सीएल ठाकुर, ओमकार बरकड़े, एसबी इनवाती, व डॉ गेडाम,डा भूपेंद्र भालावी, डा सरयाम,महालाल धुर्वे,शिव प्रसाद धुर्वे, कुंदन लाल धुर्वे,राजाराम मस्कोले,सिंगोड़ी सरपंच कपिल ठाकुर, बसंत भलाबी, राजाखो सरपंच ललित चोरे, मुकेश अहके, संतू सरेआम, केवल अहके, सुरेश सरेआम,आशाराम वाडिवा,पतिराम मस्कोले मोहित अहके सहित अन्य सामाजिक बंधु सामिल थे वही अमरवार टीआई राजेंद्र धुर्वे चौकी प्रभारी श्री मार्को पुलिस वल के साथ मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद नकुलनाथ ने की सौंसर कांग्रेस नेताओं से चर्चा

**सौंसर।** रविवार को पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शिकारपुर में सौंसर पांढुर्ना के क्षेत्रीय एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीओ वरिष्ठ नेताओं से संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद नकुलनाथ के साथ चर्चा के दौरान सौसर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं के द्वारा कांग्रेस संगठन के माध्यम से किया जा रहे कार्य के साथ ही वर्तमान में क्षेत्र की ज्वलन समस्याओं को लेकर अवगत कराया। इस दौरान सांसद नकुलनाथ के द्वारा कहा कि आप संगठन मजबूती के लिए कार्य कीजिये शहर से लेकर तो गांव के एक-एक कार्यकर्ता के साथ में हर समय कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए मैं तैयार हूं। संगठन पदाधिकारी ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए बूथों की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करना चाहिए।इस दौरान वरिष्ठ नेता सुरेश झलके,भागवतराव महाजन, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी पुनाराम बाविस्टाले, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे, पिपला ना वार कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी,सुखमन बेड़े,शंकर ब्रहै,चंद्रशेखर गुर्वे, जुबेर अली,आदि थे।



# जामसांवली मंदिर कमेटी ने किया श्री प्रज्ञानंद महाराज का सत्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



द्वारका एवम शारदा धाम पीठाधीश्वर श्री स्वामी प्रज्ञानानंद महाराज ने सुविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक पहुंचकर श्रीमूर्ति का अभिषेक पूजन किया। स्वामी प्रज्ञानानंद महाराज का मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, संरक्षक दादाराव बोबडे संतोष डवरे उपाध्यक्ष, टीकाराम कारोकर, सचिव, एड एन खंडाईत सह सचिव, संजू डवरे कोषाध्यक्ष, मनोहर शेलकी,सह कोषाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी सदस्य नितिन मोहगावकर, पांडुरंग बोबडे संदीप मोहोड़ एड.अजय धवले, शिशिर खंडार राजू बावीस्टाले, नीलेश जूननकर, दिलीप बत्रा, भीमराव वाकोडे, मोहन ताजने, किशोर देवपुजारी, सुशील माहेश्वरी, भास्कर गुढदे, मनोज तवले, भगवान कारोकार ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सत्कार किया। स्वामी प्रज्ञानानंद ने ट्रस्ट कमेटी से आगामी दिनों में राम कथा करने को लेकर चर्चा भी की। इसके अलावा स्वामी प्रज्ञानानंद ने श्री क्षेत्र घोघरा सुमेरुकुट में पहुंचकर पूजा अर्चना की। जहां घोघरा आश्रम से जुड़े शशिकांत राय, प्रवीण त्रिवेदी एवं भवानी माता मंदिर सौसर कमेटी के अतुल जुननकर, प्रमोद पराड़कर, दीनदयाल शर्मा, श्याम ठाकुर,आदि थे।

## छत्तीसगढ यादव समाज का समरसता यात्रा के दौरान कोचेवाही में होगा भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** छत्तीसगढ यादव समाज के द्वारा प्रतिवर्ष कि तरह इस वर्ष भी सामाजिक समरसता यात्रा दिनांक 22 मार्च 2025 को लांजी तहसील के ग्राम कोचेवाही मे शाम 6 बजे आगमन होने जा रहा हैं जिसमे यादव (ठेठवार )समाज के युवा अध्यक्ष मिथलेश यादव ने बताया कि यादव ठेठवार समाज के द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक समरसता यात्रा किया जाता हैं अभी तक छत्तीसगढ के बस्तर एवं सरगुजा यात्रा हो चुकी हैं इस वर्ष समस्त छत्तीसगढ के यादव स्वजातिय जनों का दिनांक 22 मार्च 2025 को छत्तीसगढ के रायपुर जिले से भिलाई दुर्ग धमधा राजनांदगावं खैरागढ पांडादाह लांजी के वारी मां पांडरी मंदिर कोटेश्वर मंदिर आदि का भ्रमण कर लांजी कोचेवाही मे शाम 6 बजे आगमन होगा कार्यक्रम के दौरान समस्त सामाजिक जनों का भव्य स्वागत किया जावेगा पश्चात सामाजिक चर्चा रात्रि भोजन के बाद रात्रि 12 बजे जबलपुर भेडाघाट के लिये रवाना होंगे जिसमे उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतू आज शाम 6 बजे से लांजीराज यादव समाज के समस्त पदाधिकारियों आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया हैं।

### वैदिक होली में परंपरा और पर्यावरण का दिखाई दिया अनूठा संगम

# शहर से लेकर गांवों में जमकर उड़ा रंग-गुलाब, बच्चों में दिखा उत्साह

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी क्षेत्र में गुरूवार की रात्रि अलग-अलग वक्त पर परंपरागत विधि-विधान से होलिका दहन किया गया. इससे पहले सुबह से ही महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर होलिका को हल्दी, चावल, गेहूं की बालियां और नारियल अर्पित किया. धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं ने पूरे-विधि-विधान से होलिका की परिक्रमा कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्ध की प्रार्थना की. होलिका दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी. कटंगी शहर के बस स्टैंड में रात्रि करीब साढ़े 11 बजे शुभ मुर्हुत पर वैदिक होली जलाई. यहां पर होलिका दहन के लिए 21 सौ गोबर के उपलों का प्रयोग किया गया. इसके अलावा होलिका में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बुटियां भी समाहित थी. यानी परंपरा और पर्यावरण के अनोखे संगम के साथ होलिका दहन की गई ताकि पर्यावरण को भी नुकसान ना हो और परंपरा भी बनी रही. इस दौरान बस स्टैंड में फाग गीतों पर जमकर मौज-मस्ती हुई और इसके साथ ही भजन-कीर्तन भी हुआ।



वहीं शुक्रवार सुबह से ही हर जगह रंगों का त्योहार होली की धूम देखने को मिली. हालांकि रंगों की खुमारी गुरूवार की रात्रि से ही देखने को मिल रही थी. मगर, शुक्रवार की सुबह होते ही लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल से सराबोर करते हुए नजर आए. शहर की गलियों से लेकर गांव के चौक-चौराहों में जमकर रंग-गुलाल उड़ा. वैसे माना जाता है कि होलिका दहन करना बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होता है. होली का त्योहार भाईचारे और प्रेम का प्रतीक माना जाता है ऐसा कहा जाता है कि इस दिन सारे गिले-शिकवे भुलाकर सभी लोग एक दुसरे का रंग लगाते है और त्योहार की बधाई देते है. अतीत की गलतियों को भूलने और उनसे छुटकारा पाने का नाम ही होली का त्यौहार है, दूसरों से मिलकर संघर्षों को समाप्त करने का यह त्यौहार, भूलने और माफ़ करने का दिन है. इस बार भी लोगों को पूरे जोश और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाते हुए देखा गया. शहर में युवाओं की टोलियों ने जमकर डीजे के धुन पर डांस किया. वहीं ग्रामीण अंचलों में ढपली की थाप पर फाग गीते गाए गए. होली को त्योहार बेहद शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूरे क्षेत्र में मनाया गया. वहीं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस लगातार शहर और गांव में गश्ती करते दिखाई दी।

होली के मौके पर हिन्दू धर्म प्रेमियों ने अपने-अपने घरों में विशेष पकवान आदि बनाकर खुशियां मनाई. होली में खासतौर से लोगों ने अपने घरों में गुजिया और मालपुआ बनाकर इसका आनंद लिया. वहीं कई जगह पर लोगों ने टोली बनाकर ठंडाई का लुत्फ उठाया और होली गीतों पर जमकर नाच-गाना किया।

# मंदिर के पुजारी ने पेश की मानवता व सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल

## मुस्लिम युवक को दिया मंदिर परिसर में पनाह

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पूरे देश में एक ओर हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाडने का खेल चल रहा है, वहीं दूसरी ओर वारासिवनी नगर में गायत्री मंदिर के पुजारी मुकुंद दुबे ने मानवता व सांप्रदायिक सद्भाव की नई मिसाल पेश की हैं।

पिछले 3 महीने से उत्तरप्रदेश के बांदा जिले के बोदी पूर्वा क्षेत्र से लापता एक मुसलमान युवक आसिफ अली के वारासिवनी पहुॅचने व मंदिर परिसर में आने पर गायत्री मंदिर के पुजारी पंडित मुकुंद दुबे द्वारा उन्हें मंदिर परिसर में पनाह दी गई। वहीं उन्हें उनके परिजनों से मिलाने का प्रयास करते हुए पुलिस थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों को इस बात की जानकारी भी दी।

इस दौरान बैठक में उपस्थित सोनू सोहाने को जब इस बात की जानकारी लगी, तो उन्होंने युवक आसिफ पिता खलील अली के बारे में पूरी जानकारी हासिल की और फिर उत्तरप्रदेश के बांदा जिले में रहने वाले अपने रिश्तेदार भाई अमित भोलू सेठ को युवक की फोटो व पूरी जानकारी भेजकर युवक के बारे में जानकारी हासिल करने में सहयोग मॉगा। उनके रिश्तेदार ने भी इस मामले में अपना पूरा सहयोग करते हुए तत्काल बांदा जिले के समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शकील अली को इस बात की जानकारी दी। जिस पर शकील अली ने तत्काल ग्राम बोदी पूर्वा में अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से युवक की जानकारी दी और देखते ही देखते लगभग डेढ़ घंटे में ही युवक के परिजनों को अपने लापता परिजन के वारासिवनी में होने की जानकारी मिल गई। युवक की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने रात में ही सोनू सोहाने से फोन पर संपर्क किया और युवक के बारे में पूरी जानकारी लेने के बाद दो-तीन दिन में वारासिवनी पहुॅचने की बात कही। उसके बाद शुक्रवार की रात में युवक आसिफ के रिश्तेदार वारासिवनी पहुॅच गए। फिर शनिवार को पुलिस थाने में आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद युवक को उसके परिजनों को सौप दिया गया।



# लाँजी नगर और गांव में उड़े अबीर-गुलाल, जमकर खेली गई होली

***होली के रंग में रंगे रहे लोग, अबीर-गुलाल लगाकर बांटा प्यार, गांवों में फगुआ गायन की परंपरा को भी निभाया***

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

लाँजी छेत्र में दो दिनों तक मनाए गए रंगों का पर्व होली के मौके पर नगर और गांव में जमकर अबीर-गुलाल उड़े। इस दौरान सभी लोगों ने जमकर होली खेली। नगर के मोहल्ले और गांवों में सुबह से रंग और शाम को फाग गीत के साथ अबीर और गुलाल लोगों ने खेला।शुक्रवार को कई जगहों पर होलिका दहन किया गया वहीं भाद्र पक्ष होने के कारण नगर सहित गांव में रात के 11:30 बजे होली का दहन किया गया और शनिवार को होली का त्योहार मनाया गया। होली के मौके पर युवा किशोर से लेकर बुजुर्ग तक ढ़ोल थाप और डीजे पर फाग गीत गाते हुए खूब झूमे। पिचकारी में भरे रंग बिरंगे रंग एक दूसरे पर बरसाते रहे। होली पर शांति व्यवस्था कायम रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस फोर्स मुस्तैद रहीं। रंगोत्सव पर पर लोगों में उल्लास देखा जा रहा था। लाँजी नगर में सुबह से ही होली खेलने वालों की टोली लोगों को रंग अबीर गुलाल लगाती नजर आई। नगर व ग्राम में युवा, बच्चे व बुजर्ग अलग-अलग टोलियों में होली खेलते नजर आए। इस दौरान जगह गाजे-बाजे के साथ लोगों को होली खेलते और झूमते नाचते भी देखा गया। सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होली का रंग अपने सबाब पर रहा। सभी एक दूसरे को रंग लगाते और होली की बधाई देते नजर आए। दोपहर एक बजे के बाद रंगों का माहौल ठंडा पड़ गया। शाम को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकाना दी। होली के दिन नगर में सारे व्यावसायिक प्रतिष्ठान व दुकानों के शटर बंद रहे। शहर के सड़कों से लेकर गलियों तक में सन्नाटा था। जगह- जगह सिर्फ रंगों में रंगे लोग भी दिखाई दे रहे थे। टोली में शामिल युवाओं ने घर-घर जाकर होली खेली। ग्रामीण इलाकों में भी शांति और सौहार्द के साथ होली खेली गयी। लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर जाएं। शाम को महिलाओं और बच्चों की टोली एक दूसरे के घर जाकर अबीर गुलाल लगाकर तथा तरह-तरह के बने पकवानों का आनंद लेते हुए व शुभकामना देते हुए देखा गया।



लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने शनिवार 15 मार्च 2025 को निज निवास पर क्षेत्र वासियों के साथ होली का त्यौहार मनाया और एक दूजे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी इस मौके पर विधायक राजकुमार कर्राहे सहित तमाम क्षेत्रवासी व मौजूद रहे जहां बड़े ही उत्साह और खुशियों के साथ होली मनाई गई।

### प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश देता है होली पर्व-विवेक पटेल

# विधायक विवेक विक्की पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल ने समर्थकों के साथ खेली होली

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** होली के पांच दिवसीय त्यौहार में रंगोत्सव का अपना एक अलग ही महत्व रहता हैं, होली के नाम से मनाए जाने वाले इस उत्सव में हर कोई रंग व गुलाल से सरोबार रहते हैं। इसमें वारसिवनी क्षेत्र भी अछूता नहीं हैं। यहां पर हर साल की तरह इस वर्ष से भी रंगोत्सव बहुत ही धूमधाम से व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व की धूम रही। हर किसी ने रंगों में डूबकर जमकर खुशियां मनाई, मस्ती में चूर रहे, एक दूसरे को रंगों से भिगोकर होली उत्सव की शुभकामनाएं दी। होली पर्व में लोगों ने अपने परिवार, दोस्तों के साथ शामिल होकर होली मनाया।



होली के पर्व के दिन शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी। लोगों ने शांति, भाईचारा के साथ होली मनाया। हालांकि इस अवसर पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखे गए। पुलिस प्रशासन की ओर से कुछ दिन पूर्व ही शांति समिति की बैठक लेकर आपस में सहयोग और सौहद्रपूर्ण माहौल में होली बनाने की अपील की गई थी। जिसका असर दिखाई दिया और लोगों ने ज्यादा हुडदंग नहीं किया और शांतिपूर्व तरीके से होली मनाई।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह व उमंग का पर्व होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। वही डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये और जमकर रंग खेला। सुबह से ही लोग अपने घरों की छत पर गुब्बारों से रंग बरसा रहे थे। बच्चों की टोलियॉ रंगों से भरी पिचकारी लेकर रोड पर आने-जाने वालों पर रंग डालते हुए नजर आ रही थी। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रह कर नगर के चौक-चौराहों पर शराब पीने वालों व हुड़दंग करने वालों पर चालानी कार्यवाही कर रही थी। जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के चौक चौराहे पर ड्यूटी तैनात की गई थी। जिसके कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, वहीं महिलाओं ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली।

## बाईक दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक की मौत

**वारासिवनी।** पिछले 15 दिनों से वारासिवनी नगर में लगातार दुर्घटनाओं में लोगों की मौत होने का सिलसिला प्रारंभ हैं। शनिवार की दोपहर लगभग 3 बजे वारासिवनी-रामपायली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक बाईक सवार 23 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 2 सम्राट नगर में रहने वाले मृतक गोपाल पिता थानसिंह लॉजेवार 23 वर्ष की भारतीय स्टेट बैंक के बाजू में सैलून की दुकान हैं। जिसमें उसका बड़ा भाई व वह खुद काम करते है। शनिवार की दोपहर में वह खाना खाने के लिए अपने घर गया था और खाना खा कर वापस दुकान लौटा। फिर बाईक में पेट्रोल भरवाने के लिए रामपायली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप जाने के लिए मिश्रा नगर होते हुए रामपायली मुख्य मार्ग पर आया। रामपायली मुख्य मार्ग पर पहुचने के बाद उसके साथ क्या हुआ। इसका किसी को पता नहीं, लेकिन लोगों ने उसे डिवाईडर के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ पाया।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग मारपीट की घटना में छह लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के डूंडासिवनी और बरघाट थाना क्षेत्रों में मारपीट की तीन घटनाएं हुई। इन घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना डूंडासिवनी थाना के औद्योगिक क्षेत्र भुरकलखापा में हुई। यहां दो पक्षों की मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बिहार क पूर्णिया जिले के बिरेनसिया गांव निवासी रतन कुमार रिषिदेव, डिल्लो कुमार, सकेन कुमार दुकान की ओर जा रहे थे। तभी सोयाबीन प्लांट में करने वाले बिहार निवासी नितीश कुमार,मंटू शाह ,आनंद कुमार,बैजनाथ,मुकेश कुमार,अखिलेश कुमार के साथ विवाद हो गया। रतनकुमार के साथी रतन कुमार,सकेन कुमार,इंदल रिषिदेव, डिल्लो कुमार,गोलू मंडल, रमेश मंडल के साथ दोनों पक्षों की मारपीट हो गई। मारपीट में रतन कुमार डिल्लो और नितीश कुमार घायल हो गए।

### जादू टोने के शक में की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट के अंखीवाड़ा गांव में जादूटोने के शक में तीन लोगों ने एक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि राकेश कुमार घर पर अकेला था। तभी गांव के रहने वाले सीताराम फुंदने ,भोलू फुंदन एवं लालू परते उसे बोलने लगे की जादू टोना करता है। इसी बात को लेकर तीनों ने राकेश के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने राकेश की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पत्नी को थाली मारकर किया घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट थाना के मंडी गांव की एक महिला को उसके पति ने थाली से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि मंडी निवासी महिला अपने घर पर खाना पका रही थी। तभी उसका पति शराब के नशे में आया और अपनी बेटी को मोबाइल चलाने की बात पर डांटने लगा। जब महिला ने मना किया तो उसके पति ने उसे थाली से मारपीट कर दी।

### साले ने जीजा को पीटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी थाना के बगलई गांव में एक व्यक्ति को उसके साले ने पीट दिया। पुलिस ने बताया कि बगलई निवासी सिवनी के एक निजी स्कूल में संगीत शिक्षक है। उसने गुस्से में आकर अपनी पत्नी को थप्पड़ मार दिए थे। इसी बात को लेकर उसका साला नितिन विशैले ने अपने जीजा को पीट दिया। पुलिस ने नितिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### गूंज का उद्देश्य सेवा ही परमोधर्म है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संस्था के सभी सदस्यों ने होली का पर्व वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के बीच मनाया क्योकि समय ,अपनत्व और प्रेम बस यही चाहते हमसे बुजुर्ग गूंज संस्था की श्रीमति साधना शर्माजी ने बारापत्थर स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गो को वस्त्रदान किए । संस्था की सभी बहनों ने रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते हुए आशीर्वाद लिया ।


### शिक्षक होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी तथा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के सहयोग से शिक्षक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन सिवनी में स्थित शिक्षक सदन स्टेट बैंक के सामने आयोजित किया गया इस सम्मेलन में लगभग शहरी आचल के 70 शिक्षकों ने अपनी सहभागिता प्रदान की ।

# हर्षोल्लास से मनाई गई होली, पांजरा में भरा मेघनाथ मेला

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में होली के अवसर पर पूरे शहर में रंगों और खुशियों का माहौल देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर और मिठाईयों का आनंद लेकर होली का उत्सव धूमधाम से मनाया। विभिन्न मोहल्लों और गली-गली में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर गुलाल उड़ा कर, नाच-गाकर और गाने गाकर होली की खुशी का जश्न मनाया गया। वही विकासखंड केवलारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजरा में शुक्रवार को मेघनाथ मेला में चार वीर झूले।





## राजपूत कॉलोनी

होली के इस अवसर पर विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे रंगों से खेलते हुए नज़र आए। शहर के प्रमुख चौक, बाजार और सार्वजनिक स्थल रंगों से सज गए थे। सामाजिक संगठन और क्लबों ने भी आयोजन किए, जिसमें लोगों को एक साथ आने और भाईचारे का संदेश दिया गया। सिवनी जिले में आदिवासी परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन मेघनाद मेले का आयोजन किया जाता है जो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कहीं सुनने को नहीं मिलता यह मेला बहुत ही आश्चर्यचकित करने वाला होता है। इस मेले की मान्यता भी परंपरा और विश्वास का ऐसा पहलू है जिस पर आदिवासी समाज ही नहीं क्षेत्रीयजनों की अटूट श्रद्धा है।इस मेले के बारे में जब स्थानीय और क्षेत्रीय अखबार प्रकाशित करते है तो पाठकों की हमेशा यह प्रतिक्रिया रही है कि ऐसा भी होता है क्या ? लेकिन यह सच है। जिले में होली के ठीक दूसरे दिन मेले का आयोजन होता है जिसे मेघनाथ मेला कहा जाता है। इसकी वजह है कि रावण के पुत्र मेघनाद को आदिवासी ना केवल अपना आराध्य मानते हैं बल्कि उन्हें पूजते भी है। यही कारण है कि होलिका दहन के दूसरे दिन यानी धुलेंड़ी को मेघनाद के नाम पर बाकायदा एक बड़े मेले का आयोजन करते है। दरअसल, आदिवासी लोग अपने आराध्य देव मेघनाद की पूजा लिए होलिका दहन के दूसरे दिन करते है। मेघनाद के पूजने के लिए एक ऐसा ही मेला सिवनी जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर केवलारी विकासखण्ड के ग्राम पांजरा में धुरेंडी को लगता है और इस क्षेत्र में मेघनाद मेले के कारण अनेक ग्रामों में धुरेंडी दूसरे दिन मनायी जाती है। आदिवासी समाज के लोग मेघनाद पूजा पर अनेक प्रकार की मन्नते मानते है और मन्नत पूरी होने पर एक 60 फिट के खंभे पर उन्हें आदिवासी पुजारियों द्वारा वीर कहा जाता है और उन्हें 60 फिट के खंबे पर उल्टा लटका कर घुमाया जाता है जो विशेष आकर्षण का केन्द्र तो होता ही है देखने वाले इस तरह के दृश्य से आश्चर्यचकित भी होते है और उनके रोंगटे खड़े हो जाते है।

मेघनाद मेले में मनोकामना पूरी होने पर वीर के द्वारा एक खास रस्म को पूरा किया जाता है। जिन महिला-पुरुषों की मनोकामना पूरी होती है उनको वीर कहा जाता है और मचान पर ले जाकर पेट के सहारे लिटाया जाता है। इसके बाद खम्भे के ऊपरी सिरे में लगी चारों तरफ घूमने वाली लकड़ी से बांधकर वीर को घुमाया जाता है।

अपनी मन्नतों के आधार पर वीर को 60 फीट ऊंचे मंच में घूमना होता है जो मेले का बड़ा आकर्षण होता है। झूलते समय मन्नत वाले व्यक्ति के ऊपर से नारियल फेंका जाता है। इस दौरान आदिवासी हक्कड़े बिरें का जयघोष करते हुए वातावरण को गुंजायमान करते हैं। इस आयोजन में दूर-दूर से लोग मेले का आनंद उठाने बड़ी संख्या में पहुंचे।



# खेत में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना बंडोल अंतर्गत आने वाले ग्राम छिंदग्वार में शनिवार लगभग दोपहर 1 से 1:30 के आसपास ग्राम के निवासी स्वर्गीय श्री सुखलाल मालवी के खेत में अचानक भीषण आग लग जाने से गेहूं की खड़ी फ़सल जल गई । स्व.श्री सुखलाल मालवी जी की पत्नी श्रीमती गौरा बाई एवं उनके पुत्र राहुल मालवी जी के द्वारा बताया गया कि लगभग दोपहर 1 से 1:30 के आसपास उनके खेत में लगी गेहूं की फसल में अचानक भीषण आग लग जाने से 2-2.50 एकड़ की पूरी खड़ी फसल जल गई, इसके चलते उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। उनके द्वारा और ग्राम वासियों के द्वारा बहुत मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं जा पाया जा सका। जैसे तैसे ग्रामवासियों की सूझबूझ के साथ आस-पास की लगी फसल को बचा लिया गया, लेकिन राहुल मालवी की फसल लगभग पूरी तरह से जल गई। किसानों ने प्रशासन से आग्रह है कि ऐसे मामलों में जल्द ही संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करके किसान राहुल मालवी को सहयोग प्रदान किया जाए।



### 5 साल की मासूम जैनब फातिमा नें रखा पहला रोजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस्लाम में रमजान के पवित्र महीने में बिना पानी ,खाना के रोजा रखकर खुदा की इबादत की जाती है। इस पवित्र महीने में जिले के समाजसेवी समी ठेकेदार की पोती और न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर आदिल अंसारी की बड़ी बेटी जैनब फातिमा ने सिर्फ 05 साल की उम्र में लगभग 13 घंटे का पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत किया। फातिमा की इस इबारत को अल्लाह ताला कुबूल करे।

# दो दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शिवानी इंपीरियल में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आपके घर की गृह शोभा कैसी बढ़ाए जाए महिलाओं को अपने आप को कैसे निखारे डिजाइनर ड्रेस साड़ी आभूषण स्वीट डेलिकेट होम डेकोरेट संबंधित सेमिनार का आयोजन किया गया

इस कार्यक्रम में यूनिवर्सल कंप्यूटर अकैडमी शेम रॉक जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल की संचालिका श्रीमती शेफाली अभय निगम एवं अग्रवाल डेंटल क्लिनिक बरघाट रोड सिवनी से डॉक्टर पूनम रोहित अग्रवाल को चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया यह सेमिनार दो दिवस का है 16 एवं 17 मार्च 2025 को इस सेमिनार का आयोजन किया गया है जिसमें महिलाओं को उनसे संबंधित अपने आप को कैसे निखारे एवं अपने घर का डिजाइन कैसे करें इन सब चीजों में महत्वपूर्ण चर्चाएं एवं आए हुए जानकारों के द्वारा जानकारी साझा कि गई।

# बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के घंसौर विकासखंड के नगारदहाड़ गांव के पास खेत में बिछे बिजली के तार की चपेट में आने से 24 साल के युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान घोंटखेड़ा निवासी अर्पित गोल्हानी के रूप में हुई है। घटना रविवार सुबह की है।

अर्पित बीजा डैम में नहाने गया था। वापस लौटते समय वह नगारदहाड़ के पास एक खेत से गुजर रहा था। इसी दौरान वह मोटर पंप के लिए बिछाए गए बिजली के तार की चपेट आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषितः** आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर हालत में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बाईक की टक्कर से एक की मौत

**सिवनी।** जिले के बिनेकी गांव के तालाब के पास एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नेतराम धर्मक (45) के रूप में हुई है। वह अपने गांव रूपढोन से करकवाड़ा जा रहे थे। बिनेकी गांव के तालाब के पास वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर थाने की पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने के साथ फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

# शांति धाम निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत ऐरपा हेतु मेरे द्वारा जिला पंचायत से प्रदत्त शांति धाम निर्माण कार्य का भूमि पूजन आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम मेरे साथ जीवन सनोडिया (पूर्व सरपंच), चंद्रहास सनोडिया (मंडलम अध्यक्ष), श्रीमती अनुसुइया परसराम (जनपद सदस्य), सडगू दादा , दादूराम सनोडिया , जगन्नाथ सनोडिया जी, प्रभु सनोडिया , श्रीमती सरोज मंगल ठाकरे (सरपंच), रामेश्वर सनोडिया (उप सरपंच), श्री रामदयाल विश्वकर्मा (सचिव), राजेश सनोडिया (सहायक सचिव), श्रीमती सोनिया सोनी (उपयंत्री), श्रीमती सरोज सनोडिया (हल्का पटवारी), गोपाल सनोडिया (शिक्षक) सहित ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यक्तियों ने शांति धाम के निर्माण के प्रति अपनी शुभकामनाएँ दीं और इस कार्य से महत्वपूर्ण सुविधा की उम्मीद जताई।



# किसान पंजीयन स्लॉट बुकिंग से किसे मिल रहा लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किसान पंजीयन स्लॉट बुकिंग धान एवं गेंहू एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो भारत के किसानो के काफी हद तक लाभकारी मानी जाती है ई उपार्जन साफ्टवेयर के माध्यम से उपार्जन केन्द्रो द्वारा किसानो से अनाज की प्राप्ती (खरीदी) की जाती है तथा अनाज प्राप्ती के पश्चात किसानो को उनके विक्रय किये गये अनाज की पावती उपलब्ध कराई जाती है एवं किसानो द्वारा विक्रय किये गये अनाज की राशि सात कार्यालयीन दिवसो मे उनके पंजीकृत आधार लिंक्ड बैक खाते मे जमा कर दी जाती है ।

अनाज खरीदी की सम्पूर्ण प्रक्रिया साफ्टवेयर के माध्यम से जाती है किन्तु क्या वास्तविक मे इस सुविधा का लाभ दे। अथवा प्रदेश के अन्न दाता किसान को मिल रहा है अथवा किसान के पंजीयन मे अनाज बेचने वाले कुचिया व्यापारी को मिल रहा है इस ओर ध्यान देने की नितांत आवश्यकता महसूस की जाने की आवश्यकता है चूकि शासन की प्राप्त इस सुविधा का लाभ किसानो के पंजीयन मे सबसे ज्यादा कुचिया व्यापारी तथा ठेकेदार उठा रहे है इस बात से इंकार नही किया जा सकता और रही बात प्रमाण की तो वर्तमान मे धान उपार्जन का कार्य बीते ज्यादा समय भी नही बीता है पोर्टल पर बेचे गये अनाज तथा किस किसान के नाम पर अनाज उपार्जन केन्द्र मे अनाज का विक्रय हुआ अथवा उपरोक्त किसान जिनके नाम पर पोर्टल मे अनाज की बिक्री हुई है उपरोक्त किसान क्या वास्तविक मे सौ से अधिक किलो मीटर की दूरी तय कर अपना अनाज जिले के बाहर अथवा अपने नजदीकी केन्द्र मे न बेचकर बाहर बेच सकता अथवा अनाज की बिक्री कागजो मे होकर रह गई अथवा कुचिया व्यापारी की धान खरीदी प्रभारी की सैटिंग से अनाज की बिक्री कागजो मे हो गई यह महत्वपूर्ण जांच का विषय है तथा स्लॉट बुकिंग का लाभ क्या वास्तविकता मे किसान को मिल रहा है समझने की आवश्यकता है

**उपार्जन केन्द्र भी हो रहे प्रभावित**

यहा यह भी उल्लेखनीय है जब से किसानो की सुविधा को ध्यान मे स्लॉट बुकिंग सेवा उपलब्ध हुई है तभी से इस सुविधा का लाभ किसान की

क्यो हो रहे उपार्जन केन्द्र प्रभावित



अपेक्षा कुचिया व्यापारी को ज्यादा मिल रहा है चूकि जिस उपार्जन केन्द्र मे धान खरीदी प्रभारी द्वारा कुचिया व्यापारी को ज्यादा सुविधाऐ उपलब्ध होगी उसी उपार्जन केन्द्र मे कुचिया व्यापारी उससे जुडे किसानो की अनाज बिक्री के स्लॉट बुकिंग करता है और यही कारण है की कुचिया व्यापारी तथा खरीदी प्रभारी की साठगांठ के चलते ही जिन उपार्जन केन्द्रो मे सीमित दायरे मे अनाज बिक्री होती थी तथा तीस से पैंतीस हजार क्विंटल अनाज पोर्टल पर दर्ज होता था वही उपार्जन केन्द्र आज की स्थिति मे 80 हजार से लेकर एक लाख क्विंटल अनाज बिक्री का रिकार्ड दर्ज करते भी देखे गये है जो आज भी रिकार्ड मे देखा जा सकता है की छेत्र तो दूर बाहर के अथवा सौ से दो सौ कि मीटर की दूरी के भी स्लॉट बुकिंग होकर अनाज की बिक्री पोर्टल पर दर्ज हो गई और सारा खेल मिलर्स को प्रदाय आरो मे हो गया जहा तक शासन द्वारा किसान की सुविधा को ध्यान मे रखकर स्लॉट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि किसान अपना अनाज किसी भी उपार्जन केन्द्र मे जाकर बेच सकता है किन्तु हकीकत मे इसका लाभ वास्तविक मे कौन उठा रहा है इस ओर कभी ध्यान देने की आवश्यकता महसूस नही की गई

### मिलर्स को प्रदाय धान डिलेवरी आर्डर (आरो मे होता है खेल)

यहा यह भी उल्लेखनीय है मिलर्स को धान मिलिंग हेतू प्रदाय आदेश मे ही भारी खेल होता है मिलर्स को प्रदाय आदेश के तहत उपार्जन केन्द्र से आरो के माध्यम से जो उपार्जन केन्द्र के कोड नम्बर पर प्रदाय होता है से धान का उठाव करना होता है किन्तु कुचिया व्यापारी के द्वारा किसान के पंजीयन पर उपार्जन पोर्टल पर दर्ज अनाज अनाज केन्द्र मे न होने की स्थिति मे मिलर्स को प्रदाय डिलेवरी आर्डर पर नगद राशि के रूप मे प्रदाय आरो की भरपाई की जाती है और यही कारण है की कुचिया व्यापारी द्वारा किसान के पंजीयन पर पोर्टल पर दर्ज धान की भरपाई आरो के रूप मे नगद राशि के रूप मे की जाती है मतलब 2150 से लेकर 2200 रूपये क्विंटल के रूप यह नगद राशि मिलर्स को खरीदी प्रभारी के द्वारा भुगतान किया जाता है और यह हकीकत है यही कारण है स्लॉट बुकिंग की शासन की सुविधा किसानो से ज्यादा कुचिया व्यापारी के लिये लाभ दार साबित हो रही है किन्तु ठीक इसके विपरीत उपार्जन केन्द्र भी बुरी तरह प्रभावित होते नजर आ रहे है और जमीनी हकीकत भी यह है ग्रामीण छेत्र मे एक कुचिया व्यापारी लगभग गांव के आधे किसान अथवा हजारो क्विंटल धान किसान के पंजीयन पर उपार्जन पोर्टल पर दर्ज करता है और कभी कभी तो यह भी स्थिति बनती है की पोर्टल पर शेष मात्रा अनाज की परिवहन के लिये जरूर दिखती है किन्तु मौके पर केन्द्र मे नही होती ऐसी स्थिति मे मिलर्स का डिलेवरी आदेश जो की 433 क्विंटल अनाज का होता है अन्तिम यही आरो के माध्यम से नगद रूप मे धान खरीदी केन्द्र के द्वारा पूरा किया जाता है

### घर घर बट गये खाली बारदाना (बोरी) मजदूर हमालों का जमकर हुआ शोषण

यहा यह भी उल्लेखनीय है की वर्ष 2024 _25 के धान उपार्जन मे धान खरीदी का औसत बढ़ाने के उद्देश्य से कुचिया व्यापारी के इशारे पर खाली बारदाना बोरिया खुले आम बाट दी गई तथा घर से तौल होकर हाथ सिलाई वाली बोरिया खरीदी केन्द्र मे पहूचकर डम्प भी हो गई जिससे खरीदी केन्द्र मे काम पर लगे मजदूर तथा हम्मालो का भी जमकर शोषण हुआ है। जिससे इन्कार भी नही किया जा सकता वैसे प्रासंगिक व्यय के रूप मे प्रत्येक खरीदी केन्द्र मे शासन से राशि तो प्राप्त हुई किन्तु खरीदी की मात्रा बढाने के लिये कुचिया व्यापारी को भरपूर सुविधाऐ भी उपलब्ध कराते हुऐ जो धान खरीदी केन्द्र प्रांगण मे खाली होकर तौल तथा सिलाई होना था वह धान घरो से तौल होकर केन्द्र पहूच गई ।

# जीवन उत्सव,दिव्य संगीत संध्या का 18 व 19 मार्च को राजपूताना सेलिब्रेशन लॉन बंडोल में

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान सिवनी जिले की सेवाओं के बेमिसाल चालीस साल और बंडोल सेवा केंद्र के पाँचवी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर जीवन उत्सव दिव्य संगीत संध्या का आयोजन ग्राम बंडोल की राजपूताना सेलिब्रेशन लॉन में 18 व 19 मार्च को शाम 5:30 बजे से 8: बजे तक किया गया जायेगा जिसमें अंतरॉष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक, हरीश मोयल जी शिरकत कर रहें है, आप इंडियन आइडलर सीजन एक के शीर्ष प्रतिभागी रह चुके है । आप बिग स्टार आई एम ए अवार्ड 2011 विजेता है,सर्वश्रेष्ठ सूफी गीत के लिए, उन्हें एक बहुत प्रसिद्ध संगीत - उमराव जान अदा और उनके अभिनय और गायन कौशल के लिए भी सराहना मिली, हरीश मोयल जी ने कई टीवी शो, संगीत एल्बम और दुनिया भर में 4000 से अधिक लाइव म्यूजिकल कार्यक्रम में प्रदर्शन किया है। साथ ही इस प्रोग्राम में शिरकत कर रहें है ओमकार कड़वे जी,आप भारतीय शास्त्रीय गायक है, आपने भारतीय शास्त्रीय संगीत में मास्टर किया है, आप गोल्ड मेडिलिस्ट है। आपने राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर में 100 से भी ज्यादा प्रोग्राम में भाग लिया है। आपने मलेशिया, के भारतीय दुतावास संगीत का कार्यक्रम दिया है। कार्यक्रम के आयोजक द्वारा यह बताया गया है कि इस कार्यक्रम में फ्री एंट्री पास है जो आप ब्रह्माकुमारी बंडोल की सेवा केंद्र से 16 व 17 मार्च को 9 बजे से 4:00 बजे के बीच प्राप्त कर सकते है।

### होली मनाने के बाद नहाने पहुंचे तीन दोस्तों में एक डूबा

**सिवनी।** बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहिरिया नगझर तालाब में शुक्रवार की शाम होली का उत्सव मनाने के बाद गांव चोरगरठिया निवासी युवक रंग गुलाल छुटाने के लिए तालाब में नहाने के लिए उतारे। जहां 32 वर्षीय युवक के डूब जाने की जानकारी साथी युवकों ने बंडोल पुलिस को दी। शनिवार को सुबह से ही एसडीआरएफ टीम होमगार्ड के जवान व बंडोल पुलिस बल मौके पर पहुंची और तालाब में डूबे युवक की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव चोरगरठिया निवासी सुशील बघेल 32 वर्षीय अपने अन्य साथियों के साथ शुक्रवार को होली पर्व पर होली का उत्सव मनाया। होली खेलने के बाद सभी युवक श्रीमाया ढाबा के सामने ग्राम बिहिरिया नगझर तालाब में शाम लगभग 5 बजे नहाने के लिए तालाब में पहुंचे। जहां युवक ने अपने कपड़े, मोबाइल बाहर रखे और वह नहाने चला गया। तालाब के गहरे पानी में चले जाने से युवक डूब गया। साथी युवकों ने इसकी सूचना ग्रामवासियों, परिजनों व बंडोल थाने को दी जहां बंडोल पुलिस तत्काल शाम को ही तालाब पहुंची वही एसडीआरएफ टीम के जवान भी पहुंचे और तालाब में डूबे युवक की जांच में जुट गए हैं। एनडीआरएफ की टीम को दूसरे दिन सफलता मिली शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम कराकर परिवार जनों को सौंप दिया गया

### एडवोकेट सुनील अग्रवाल दिवंगत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के राजपूत कालोनी निवासी प्रतिष्ठित नागरिक व अधिवक्ता सुनील पुत्र हरप्रसाद अग्रवाल का शनिवार रात नागपुर में ह्दयघात से निधन हो गया। डा. आरएस अग्रवाल के अनुज दिवंगत सुनील अग्रवाल की अंतिम यात्रा रविवार दोपहर शिव मंदिर के पास स्थित निज निवास से कटंगी रोड मोक्षधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### पांच दिन चलेगा रंगोत्सव, गांवों में गूंजेगा फाग गीत

होलिका दहन के साथ ही पांच दिवसीय होली उत्सव की शुरुआत हो गई है। होलिका दहन से लेकर रंग पंचमी तक शहर गांवों की चौपालों में फाग गायन, होली मिलन समारोह से लेकर अन्य कार्यक्रम होंगें। इस दौरान भाई-दोज का पर्व और रंग पंचमी महोत्सव भी मनाया जाएगा। जिले की होली लोगों को पर्यावरण संरक्षण और लोक संस्कृति के संरक्षण का संदेश देती है। खासतौर पर गांवों में टेसू के फूलों के रस से होली खेली जाती है। रंग-गुलाल के साथ होली खेलने के साथ ही गांव की चौपालों में फाग की अनोखी महफिलें जमती हैं, जिनमें फगुआरों के होली गीत (फाग) जब फिजा में गूंजते हैं तो ऐसा लगता है कि श्रृंगार रस की बारिश हो रही है। फाग के बोल सुनकर बच्चे, जवान व बूढ़ों के साथ महिलाएं भी झूम उठती हैं। फाग सी मस्ती का नजारा कहीं और देखने को नहीं मिलता है। सुबह हो या शाम गांव की चौपालों में सजने वाली फाग की महफिलों में ढोलक की थाप और मंजीरे की झंकार के साथ उड़ते हुए अबीर-गुलाल के साथ मदमस्त किसानों होली गीत गाने का अंदाज-ए-बयां इतना अनोखा और जोशीला होता है कि श्रोता मस्ती में चूर होकर थिरकने, नाचने पर मजबूर हो जाते हैं। गंज इलाके में फागुन के महीनों में ऋतुराज बसंत के आते ही जब टेसू के पेड़ लाल सुर्ख फूलों से लद जाते हैं, इन्हीं फूलों को तोडकर लोग रंग बनाते हैं और होली खेलते हैं। लोग भले ही अब रासायनिक रंगों का उपयोग करने लगे हों।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूंडा सिवनी थाना के पास ग्राम सिंहिया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8671779192

## वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत कंजई का मामला
# जंगल नालों से हो रही रेत की चोरी, वन अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत ग्राम कंजई के कक्ष क्रमांक 750 से प्रवाहित होने वाले नाले से रेत चोरी निरंतर जारी है फिर भी जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। प्रतिदिन जंगल नालों से रेत चोरी सुबह से लेकर रात तक हो रही है फिर भी अवैध उत्खनन को रोकने में जिम्मेदार बेबस नजर आ रहे हैं। आखिर माफियाओं को किसका संरक्षण प्राप्त है जो वन अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं वन संपदा को लूटने से बचाव साहब. यही आपका कर्तव्य और दायित्व है।

### जंगल नाले हो रहे छलनी, नहीं हैं जिम्मेदारों की नजर

चाहे वन विभाग के नाले हो या फिर राजस्व नाले हो रेत की चोरी बेखौफ चल रही है जिसे रोकने वाले ना तो वन विकास निगम के अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं और ना ही राजस्व और खनिज विभाग कार्रवाई कर रहा है जिस कारण से रेत चोर सक्रिय है और नालो को खोखला करने में लगे है कक्ष क्रमांक 750 से प्रवाहित होने वाले नाले से भारी पैमाने पर रेत की चोरी की गई है नाले में जिधर देखो उधर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं इसकी जांच होनी चाहिए और जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी को चाहिए कि वह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंजई के कक्ष क्रमांक 750 से प्रवाहित होने वाले नाले का निरीक्षण कर भारी पैमाने पर हुई रेत की चोरी को रोकने में नाकाम लापरवाह अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उचित कार्रवाई की करे और जंगल नालों से हो रहे अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन को पूर्ण तरीके से पाबंदी लगा दे।



### जंगल के नालों में गड्ढे ही गड्ढे

जंगल नालो से रेत चोरी का जिम्मेदार कौन..? यह सवाल उन वन विकास निगम के अधिकारियों के लिए है जिन्हें रेत की चोरी के मामले में बताने के बाद भी रेत चोरी पर अंकुश नहीं लगाया गया सुबह से लेकर रात तक रेत चोर सक्रिय रहते हैं और जंगल नालों से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हैं लेकिन रेत चोरों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इसलिए उनके हौसले बुलंद है और बेख़ौफ़ होकर रेत की चोरी कर रहे हैं विश्वसनीय सूत्रों की माने तो धारावासी, मानुटोला, रानी कोठार, भाण्डामुर्री, बगदई, सेल्वा, डोहरा, सालेबर्री सहित वन नाले से प्रतिदिन रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है पर इस पर लगाम नहीं लगाई जा रही है नालो में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं जंगल से हो रही थी चोरी मे चोर चोर मौसेरे भाई, की सूचना मिल रही है जिस कारण से जंगल के नालो से बेरोकटोक रेत चोरी का सिलसिला जारी है और कार्रवाई करने में वन अधिकारी बेबस से नजर आ रहे हैं। जिम्मेदारों को यह याद रखना होगा कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकना होगा।

## कई वार्डों में नालियां चोक, बीमारियों का खतरा
# जगह-जगह पानी जमा होने से पनप रहे मच्छर; नगर पालिका के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर पालिका क्षेत्र में नालियों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वार्ड नंबर 32 समेत कई इलाकों में महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है।

वार्ड 32 के निवासी सुनील का कहना है कि शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। उन्होंने इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद से संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।



स्थानीय निवासी मनीष ने नालियों के निर्माण में गंभीर खामियां बताईं। उनके अनुसार ठेकेदार ने नालियों में सही ढलान नहीं बनाई। इस वजह से पानी का बहाव रुक जाता है। जमा पानी से गंदगी बढ़ रही है।

वार्ड वासियों ने नगर पालिका से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समस्या नहीं सुलझी तो वे प्रशासन में शिकायत करेंगे। स्वच्छता नोडल अधिकारी प्रीति घरते ने इस मामले में कोई जवाब नहीं दिया।

यह स्थिति सिर्फ एक वार्ड की नहीं है। नगर के ज्यादातर वार्डों के नागरिक नालियों की सफाई को लेकर नगर पालिका से नाराज हैं। नालियों में जमा गंदा पानी स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहा है।

नगर पालिका स्वच्छता प्रभारी सूर्यप्रकाश उइके ने बताया कि होली के बाद नालियों का सफाई अभियान चलाया जाना था। सोमवार से नालियों की सफाई को लेकर युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा।

# होली पर 50 साल से हो रही पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सिंधी समाज होली के मौके पर 50 सालों से पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता करवा रहा है। हालांकि कबड्डी के नियम के मुताबिक 7-7 खिलाड़ियों की टीम नहीं बल्कि एक खिलाड़ी के सामने एक ही खिलाड़ी को उतारा जाता है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष अमर मंगलानी ने बताया कि पहले यह खेल रेत पर खेला जाता था। अब सामाजिक भवन बन जाने के बाद मैट पर खेला जाता है। खेल में किसी खिलाड़ी को आउट करने पर 10 रुपए का नगद इनाम दिया जाता है।

होली के दिन व्यवसाय बंद रहने के कारण समाज के सभी पुरुष और बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। गुरुवार की देर रात सिंधु भवन में हुई कबड्डी प्रतियोगिता में युवाओं के साथ 45 साल तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

समाज के युवा सदस्य सामाजिक एकजुटता बढ़ाने के लिए होली पर नगर के सिनेमाघर में सिंधी भाषा की फिल्म का निशुल्क प्रदर्शन करवाते हैं। शुक्रवार को भी लोगों को फिल्म दिखाई गई।

## दो बाइक टकराईं, एक युवक की मौत



**बालाघाट।** बालाघाट के लालबर्रा थाना क्षेत्र के रटेगांव निवासी 22 वर्षीय प्रमोद ठाकरे की मौत हो गई। प्रमोद मोटरसाइकिल से अपने मामा के घर खारी जा रहा था। निजली के पास नजीम टोला में एक दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रमोद को परिजन 14 मार्च की शाम को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात होने के कारण शव को फ्रीजर में रखा गया।

## रंगे हाथ पकड़ाया लालबर्रा सर्राफा मार्केट में चोर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। पुलिस बालाघाट नगेंद्र सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय बालाघाट विजय डाबर, द्वारा प्रभावी रात्रि गश्त और संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे । उक्त दिए निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा प्रभावी गश्त हेतु लगातार ब्रीफ किया जा रहा था ।विगत रात्रि आरक्षक 478 राहुल भदौरिया की ड्यूटी सराफा बाजार में थी जिसके द्वारा ताले और शटर तोड़ने की आवाज सुनाई देने पर तत्काल गली में पहुंच कर दुकान चिन्हित की और चोर द्वारा निशाना बनाई दुकान पर आकर सुझ बूझ और सजगता का परिचय देकर तत्काल शटर गिराकर चोर को दुकान के अंदर ही बंद कर दिया और व्यापारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ को सूचित किया सभी के आने पर रंगे हाथ चोर को पकड़ने में लालबर्रा पुलिस को सफलता मिली हैगिरफ्तार चोर कादर पिता बसीर उर्फ बब्बू खान 19 वर्ष नि मटन मार्केट रजा मोहल्ला बालाघाट का निवासी है जो चोरी करता है कुछ दिन पहले ही अन्य चोरी में बालाघाट जेल से रिहा हुआ है । आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली , भरवेली और ग्रामीण में भी आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।मामले में लालबर्रा पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया है पुलिस अभिरक्षा में आरोपी से ताले तोड़ने की टॉमी बरामद कर लगातार पूछताछ जारी है । लालबर्रा व्यापारी वर्ग द्वारा पुलिस के सराहनीय कार्य से संतुष्टि जाहिर की है ।



## 500 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम तैयार
# देश का 11वां पीएम अन्न भंडार, ग्रेडिंग मशीन से किसान बना सकेंगे बेहतर बीज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा सोसाइटी के चंदना में प्रदेश का पहला और देश का 11वां पीएम अन्न भंडारण गोदाम तैयार हो गया है। इस गोदाम की क्षमता 500 मीट्रिक टन है।

वृहत्ताकार सोसाइटी परसवाड़ा के प्रबंधक के.एल. भगत ने बताया कि भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने देश के 11 स्थानों पर यह परियोजना शुरू की है। यह भारत सरकार की सबसे बड़ी अनाज भंडारण परियोजना है।

गोदाम में एक विशेष ग्रेडिंग मशीन भी लगाई गई है। यह मशीन किसानों को बेहतर बीज छांटने में मदद करेगी। किसान अपनी ही उपज से अच्छा बीज तैयार कर सकेंगे। इससे उन्हें बाजार से महंगे बीज खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर बीज से फसल का



उत्पादन भी बढ़ेगा। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। वृहत्ताकार सोसाइटी परसवाड़ा के प्रबंधक के.एल. भगत ने बताया कि सरकार का यह कदम किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। वे कम लागत में खेती कर पाएंगे और अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। निश्चित तौर पर इस योजना के माध्यम से किसानों को आसानी से अच्छे बीज की उपलब्धता होगी और किसान अपनी फसलों के उत्पादन को बढ़ाकर अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकेगा। प्रबंधक भगत बताते है कि इसके साथ ही सरकार सहकारिता के क्षेत्र को और भी सुविधाएं प्रदान की गई है। जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति परसवाड़ा में इसके अलावा, रासायनिक खाद और दवाओं के छिड़काव के छिड़काव के लिए ड्रोन की व्यवस्था की गई है जो रासायनिक खाद के साथ साथ दवाईयों का भी छिड़काव के लिए उपयोगी साबित होगा।

## भगवान शिव के अवतार में गर्र देव की हुई पूजा अर्चना
# होली के मौके पर हुआ मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शिव महापुराण के अनुसार भगवान शिव के 19 अवतार माने जाते है. मगर, समतपुरी में भगवान शिव को एक अलग ही अवतार में पूजा जाता है. यहां ग्रामीण और आदिवासी समुदाय के लोग गर्र देव के नाम से पूजते है. वैसे भगवान शिव के अन्य अवतारों की तरह गर्र देव को किसी रूप में नहीं बल्कि एक लकड़ी की आकृति के रुप में पूजा जाता है और यह परंपरा बीते कई सालों से अनवरत चली जा रही है. गर्र देव की यह पूजा रंगों के त्योहार होली के दिन कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम समतपुरी और खैरलांजी तहसील के ग्राम गजपुर में होती है. गर्र देव की पूजा अर्चना करने वाले हिंदू धर्म प्रेमी गर्र देव को भगवान शिव का अवतार मानकर पूजा अर्चना करते है. यह पूजा



अपने आप में ही बेहद अनोखी होती है. मान्यता है कि जो लोग महाशिवरात्रि के मौके पर अपने घरों से नंदी लेकर भगवान शिव के दर्शन के लिए भसियागढ़ महादेव खोली जाते है. वह होली के दिन नंदी को लेकर समतपुरी गर्र देव की पूजा करने के लिए आते है. पूजा की शुरूआत में सबसे पहले मंदिर में स्थित भगवान शिव की पूजा होती है जिसके बाद गर्र देव यानी लकड़ी से बना एक झुलेनुमा आकृति के ईद-गिर्द नंदी को चक्कर लगाकर पूजा अर्चना संपन्न होती है. हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां नंदी लेकर पूजा अर्चना करने के लिए आते है. होली के दिन समतपुरी में गर्र देव की पूजा के साथ ही एक दिवसीय मेला भी लगता है जहां रात्रि में मेले में आने वाले ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है. मेले में तरह-तरह की दुकानें लगती है जहां से ग्रामीण अपने मनमुताबिक सामग्री की खरीददारी करते है।

# आईजी-डीआईजी, एसपी बग्गी में सवार होकर पहुंचे



### बालाघाट पुलिस लाइन में हुआ होली मिलन समारोह, अधिकारियों-जवानों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पांच दिवसीय होली पर्व के तीसरे दिन पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में आईजी संजय कुमार, डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव और एसपी नगेन्द्र सिंह बग्गी में सवार होकर पहुंचे।

पुलिसकर्मी डीजे की धुन पर अधिकारियों को उनके आवास से बग्गी में लेकर पुलिस लाइन पहुंचे। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कोतवाली में भी पुलिस होली हुई। यहां पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। नगर के सभी थानों और चौकियों में भी पुलिसकर्मियों ने उत्साह के साथ होली का त्योहार मनाया।

# कुरेंडा गांव में लट्ठमार होली



प्रतियोगी जब खंभे पर चढ़ने का प्रयास करते हैं, तब महिलाएं उन पर लाठियां बरसाती हैं।

### तेल लगे खंभे पर चढ़कर नारियल तोड़ते पुरुषों पर महिलाएं बरसाती हैं लाठियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के परसवाड़ा के कुरेंडा गांव में होली के तीसरे दिन गांव के खेल मैदान में एक अनूठी प्रतियोगिता होती है।

इस प्रतियोगिता में 25 फीट ऊंचे लकड़ी के खंभे को मैदान में गाड़ा जाता है। खंभे के ऊपर लाल कपड़े में नारियल बांधा जाता है। खंभे पर तेल और ग्रीस लगाया जाता है।

यह परंपरा पिछले 65 वर्षों से चल रही है। स्थानीय बुजुर्ग टेकराम राणा ने बताया है कि यह प्रतियोगिता भगवान प्रह्लाद के जीवन और बरसाणा की लट्ठमार होली से प्रेरित है। उनके पूर्वज इस परंपरा को वृंदावन से यहां लेकर आए थे।

इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया जाता है। क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। जो प्रतियोगी नारियल तोड़ने में सफल होता है, उसे पुरस्कार दिया जाता है। यह आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

## कंजई सरपंच ने किया होलिका दहन



**लालबर्रा।** रंगों का महापर्व होली बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाई गई गुरुवार को रात्रि 10 और 11 के दरमियान लालबर्रा के ग्राम कंजई बस स्टैंड मे सरपंच एडवोकेट आनंद बिसेन द्वारा गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवा साथियों और बच्चों के साथ पूजा अर्चना कर और गुलाल लगाकर होलिका दहन किया गया और युवा साथियों और उपस्थित जनों को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। गुरुवार को शाम से ही होली की धूम देखी गई युवाओं द्वारा अपने अपने साथियों को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी गईं।

# आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लालबर्रा तहसील में ऐतिहासिक सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी आवास टोला में 16 मार्च को आदर्श दानपात्र सेवा समिति द्वारा चलाए गए महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम ने 2019 से 2025 तक एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यह कार्यक्रम, जो एक कल्पना मात्र था, आज वह 100% वास्तविकता हो चुका हैं। इस क्षेत्र में रहने वाली किशोरियों और महिलाओं को पहले सैनिटरी पैड्स के उपयोग के बारे में जानकारी नहीं थी, जिसके कारण उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए, आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने 2019 में हमारी किशोरी - हमारा आधार कार्यक्रम के तहत इस क्षेत्र में काम शुरू किया। समिति ने न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि महिलाओं और उनके बच्चों की शिक्षा को भी प्राथमिकता दी। समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। 2025 तक, इस कार्यक्रम ने 100% सफलता हासिल की है। अब यहां की हर किशोरी और महिला सैनिटरी पैड्स का उपयोग करती है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाव मिला है। इस कार्यक्रम के दौरान, एक किशोरी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे इस पहल ने उसके जीवन को बदल दिया। उसने कहा, पहले मैं मासिक धर्म के दौरान सैनिटरी पैड्स का उपयोग नहीं करती थी, जिसके कारण मुझे कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन



आदर्श दानपात्र सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यशालाओं ने मुझे जागरूक किया और अब मैं नियमित रूप से सैनिटरी पैड्स का उपयोग करती हूं। इससे मेरा स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और मैं अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक हूं।

यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। समिति ने इस पहल को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में निरंतर जारी रखा है, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं और किशोरियों को लाभ मिल सके। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल वैद्य जी ने समिति के सभी सदस्यों, दानदाताओं, विशेषज्ञों एवं सरपंच श्री दुर्गा प्रसाद पर पगरवार जी कनकी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए, इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उनके सहयोग और मार्गदर्शन को दिया गया है। दानदाताओं के समर्थन के बिना यह कार्यक्रम इतना सफल नहीं हो पाता। आदर्श दानपात्र सेवा समिति के इस प्रयास ने न केवल इस क्षेत्र की महिलाओं के जीवन को बदल दिया है, बल्कि यह अन्य समुदायों और संगठनों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गया है।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की पहल
# 22 व 23 को अंधश्रद्धा एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी, कार्याध्यक्ष एवं बोधिसत्व डा. बाबा सहेब के पौत्र डा. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुंबई के नेतृत्व एवं निर्देश से पूरे भारत देश में धम्म संस्था के माध्यम से बौद्ध धम्म का कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है। म.प्र. राज्य शाखा द.के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे के नेतृत्व में भी पूरे म.प्र. में धम्मसंस्था के माध्यम से धम्म कार्य निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में मप्र के जिला बैतुल की मुलताई तहसील मुख्यालय में एक दिवसीय अंधश्रद्धा निर्मूलन प्रशिक्षण शिविर संस्था के राष्ट्रीय सचिव मप्र राज्य प्रभारी आद.



बी.एच.गायकवाड गुरूजी के मुख्यातिथ्य में डा.चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा के विशेष आतिथ्य में, शंकरराव शेषकर प्रदेश सचिव, नानक सावनकर राज्य संघठक म.प्र. एवं एड. नामदेव नागले जी जिलाध्यक्ष बैतूल की अध्यक्षता में दिनांक 22 मार्च को शिविर सम्पन्न होगा। इसी प्रकार दिनांक 23 मार्च 2025 को छिंदवाडा जिले की परासिया तहसील के चांदामेटा मुख्यालय में सुबह 10 बजे से 5 बजे तक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के मुख्यातिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक आद. एम.डी.सरोदे गुरूजी उप प्रमुख केन्द्रिय प्रशिक्षण विभाग मुंबई, प्रमुख अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षक म.प्र. बालाघाट, राजेश पाटिल प्रदेश सचिव एवं केन्द्रिय शिक्षक म.प्र.छिंदवाड़ा, डी.आर. बोनिया जी जिला संघठक, अध्यक्षता अशोक शेण्डे जिलाध्यक्ष छिंदवाडा करेगें। इस अवसर पर मध्यप्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी को डाक्टरेट की मानक उपाधि मिलने पर जिला शाखा छिंदवाडा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। अतः सभी धम्मबंधु साथियों से उक्त प्रशिक्षण शिविर में शुभ वस्त्र धारण कर पहुंचने की अपील की गई है।